तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

12 मां कर्मा सामाजिक चेतना और शक्ति की

14 शहीद धनंजय वर्मा का शहादत दिवस मना


CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
निःशुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### कल परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक

**मुंडा।** मुंडा के मेन रोड स्थित सामाजिक भवन में 22 तारीख रविवार को सुबह 10 बजे से छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज का बैठक रखी गई है। इसमें सामाजिक परिचर्चा नियमावली में संशोधन किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने समाज के लोगों से अपील की है अधिक संख्या में शामिल होकर बैठक को सफल बनाएं।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 23 से

**बलौदाबाजार।** प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। काउंसिलिंग प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 23 जून क्रो प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 24 जून क्रो प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 25 जून प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 26 जून प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक एवं सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 27 जून प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। अपने साथ प्रवेश पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

**बलौदाबाजार।** शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार एवं पलारी में प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 एवं 2025 -27 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर 25 जून तक कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रवेश से संबंधित अन्य जानकारी के लिए भी उक्त वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** पत्नी से मारपीट करने के आरोप में सांकरा थाने में आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सावित्री भोई पति मथामणी भोई (28 साल) सलडीह ने रिपोर्ट लिखाई है कि 19 जून की रात्रि करीब 8 बजे उसके पति मथामणी भोई ने शराब सेवन कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### उद्योग विभाग संयंत्र लगाने अनुमति देने पर ग्रामीण खटखटायेंगे हाईकोर्ट का दरवाजा

# संयंत्र लगाने का विरोध, जनसुनवाई में ग्रामीणों ने जताया रोष और की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

धार्मिक पर्यटन स्थल सोमनाथ धाम स्थित ग्राम लखना में प्रस्तावित मेसर्स मां बेरीवली स्टील एवं पॉवर लिमिटेड उद्योग की स्थापना के लिए ग्राम सांकरा में शुक्रवार को पर्यावरणीय लोक सनवाई का आयोजन छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा किया गया था। लोक सुनवाई में प्रबंधन की ओर से प्रस्तावित परियोजना का विस्तार की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद बारी-बारी से ग्रामीण जिनमें महिला पुरुष युवक बुजुर्ग ने कड़ा विरोध करते हुए नारे बाजी करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रस्तावित उद्योग के विरुद्ध रोष एवं गुस्सा व्यक्त करते हुए उद्योग को किसी भी सूरत में नहीं लगने देने की बात कही।

**सांकरा की जनसुनवाई में पूरे गांव ने किया शत प्रतिशत विरोध**




सरपंच श्यामा बाई साहू ने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा यदि संयंत्र लगाने अनुमति दी जाती है तो हम समस्त ग्रामवासी हाईकोर्ट एवं सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। लोक सुनवाई को लेकर सुबह से ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए थे। विरोध करने वाले लोग अपने हाथों में तख्ती लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणों का नेतृत्व लखना सरपंच श्यामा बाई साहू ने किया। इस लोक सुनवाई में ऐसा देखने को मिला कि एक भी व्यक्ति ने उद्योग का समर्थन नहीं किया। हजारों की संख्या में ग्राम लखना सांकरा, भुमिया, सुंगेरा के ग्रामीण विरोध करने के साथ ही उपस्थित अधिकारी को एक एक कर लिखित आवेदन भी दिया जिसमें उद्योग नहीं लगने देने की बात लिखी हुई थी। प्रस्तावित उद्योग का पूरे गांव ने खुलकर विरोध किया। सरपंच श्यामा बाई साहू, परमेश्वर साहू, कृष्णा साहू ने बताया कि उद्योग को ग्राम पंचायत लखना द्वारा ना ही पूर्व में और ना ही वर्तमान में एनओसी दी गई है। ग्रामीण इसके पूर्व में लगभग हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने विधायक एवं राजस्व मंत्री कलेक्टर रायपुर एसडीएम एवं तहसीलदार तिल्दा के समक्ष उपस्थित होकर उद्योग न लगाने सम्बन्धी ज्ञापन सौंप चुके हैं। वहीं इस लोक सुनवाई के भरी विरोध को देखते हुए प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर रखे थे।




## नगर की दो उचित मूल्य दुकानों के संचालकों के लाइसेंस निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर पंचायत खरोरा के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों के वर्तमान संचालकों के विरुद्ध लापरवाही, अनियमितता और जनता को खाद्यान्न सामग्री समय पर न मिलने की लगातार शिकायतों के चलते उनके लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी द्वारा संबंधित विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इन दुकानों के संचालन में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं, जिससे आमजन को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। इससे जनता में रोष व्याप्त है। पत्र में सुझाव दिया गया है कि इन दुकानों के संचालन हेतु योग्य, ईमानदार और सक्रिय नए सेल्समैन की नियुक्ति की जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके।नगर पंचायत ने ⏩ शेष पेज 12 पर

## बनसांकरा में अवैध खनन व परिवहन करते हाईवा जब्त

**सिमगा।** बनसांकरा में अवैध रेत खनन व परिवहन की सूचना मिलते ही एसडीएम अंशुल वर्मा, नायब तहसीलदार और कोटवार पटेल के साथ खनन स्थल पहुंचे, जहां जांच टीम को देखते हुए 2 जेसीबी वाहन भाग निकले। वहीं हाईवा को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम बनसांकरा पटवारी हल्का नं 13 में शुक्रवार को जंगल के पीछे तालाब जिसका खसरा नंबर 1745 रकबा 10.3 हेक्टेयर में लगातार कुछ दिनों से अवैध रूप से मुरुम खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर एसडीएम अंशुल वर्मा ने मौका जांच करने नायब तहसीलदार ग्राम के कोटवार पटेल की टीम को दोपहर 1 बजे रवाना किया, जहां मौके पर से 2 जेसीबी गाड़ी भाग निकली तथा 1 हाईवा क्रमांक सीजी 22 ए एफ 7111 को पकड़ा गया। जिसकी जब्ती कार्रवाई कर ग्राम पंचायत बनसांकरा के सुपुर्द किया गया।



## कार की ठोकर से ठेला चालक की हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम सारागांव मुख्य मार्ग पर हिट एड रन का मामला सामने आया, जहां एक कार चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हाथ ठेला वाले को अपनी चपेट में ले लिया। इसके चलते ठेला चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। घटना का दुखद पहलू यह है कि कार चला रहे चालक मृतक को अपनी चपेट में लेते हुए 4 से 5 किलोमीटर ले गया, तब जाकर गाड़ी को रोका, जिसके चलते सारागांव निवासी की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना सीसीटीवी फुटेज पर दर्ज है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं इस घटना के बाद सारागांव के ग्रामीणों के रोष है।

■ पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी कैमरा, किया गिरफ्तार



जानकारी अनुसार खरोरा निवासी सतबीर सिंग चांवला पिता स्व.गुरूचरण सिंग चांवला 57 वर्ष पता वार्ड 15 खरोरा थाना खरोरा जिला-रायपुर मुख्य आरोपी है। घटना विवरण दिनांक घटना समय व स्थान ⏩ शेष पेज 12 पर

## नेवार विक्रेता की पत्थर मारकर हत्या, आरोप जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

खाट नेवार बेचने वाले युवक को पत्थर से मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

आरोपी ने घटना को अंजाम सौदा कर बिना पैसा दिए खाट नेवार ले जाने से विवाद बड़ा और आवेश में आकर आरोपी ने पत्थर मारकर कर हत्या की घटना को अंजाम दिया। घायल का प्राथमिक उपचार सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, वहां से रायपुर के एक निजी अस्पताल रिफर किया गया। गंभीर स्थिति को देख मृतक के परिजनों ने उसे जिला अस्पताल मंदसौर मध्यप्रदेश ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

■ आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



प्रार्थी बीरू कुमार मिरी निवासी ग्राम चकरवाय से रिपोर्ट प्राप्त हुआ कि 9 फरवरी को आरोपी चंद्रा उर्फ चंद्रकांत बांधे द्वारा थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत फेरी लगाकर मोटरसाइकिल के माध्यम से खाट नेवार आदि बेचने वाले अर्जुन बंजारा को 1500 में सौदा कर बिना पैसा दिए खाट नेवार ले ⏩ शेष पेज 12 पर

## 8 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले के 8 आदतन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है। यह कार्रवाई आदतन अपराधी प्रभु सेन, अशोक पटेल, राजकुमार बंजारे, जित्तू यादव, लुकेश्वर वैष्णव, अमित अवधेलिया, अजय मारकण्डेय एवं लोकेश टाडिया के खिलाफ की गई है।

■ जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे आरोपी

जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने जिले में बदमाशों पर लगातार कार्रवाई हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एक साथ जिले के 8 आदतन अपराधी प्रभु सेन निवासी ग्राम हथबंद, अशोक पटेल निवासी ग्राम हटौद थाना कसडोल, राजकुमार बंजारे निवासी ग्राम सरखोर थाना लवन, जीत्तू यादव निवासी ग्राम पुराना खर्वे थाना कसडोल, लुकेश्वर उर्फ सरोज वैष्णव निवासी ग्राम छतवन थाना राजादेवरी, अमित अवधेलिया निवासी ग्राम डोंगरा थाना लवन, अजय मारकंडे निवासी भगत सिंह वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर और लोकेश ⏩ शेष पेज 12 पर



### हरित योग के तहत 200 पौधों का होगा रोपण

# कृषि उपज मण्डी परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून क्रो जिला मुख्यालय स्थित नवीन क्रृषि उपज मण्डी परिसर में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 7 बजे से होगा।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर दीपक सोनी शुक्रवार क्रो क्रृषि उपज मण्डी परिसर पहुंचे और अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने गरिमामय आयोजन हेतु बेहतर तैयारी व प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास संपन्न कराने के निर्देश दिये।



कलेक्टर सोनी ने मिनट टू मिनट कार्यक्रम क्रो अंतिम रूप देते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने कहा।

मंच व्यस्था, साउंड सिस्टम, जनरेटऱ, बैरीकैटिंग, गुलदस्ता, योगा मैट, स्कूली बच्चों तथा अन्य प्रतिभागियों के लिए वाहन व्यवस्था, पेयजल, मेडिकल टीम, क़ानून व्यवस्था आदि की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों क्रो जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर हरित योग के तहत वन विभाग द्वारा परिसर में लगभग 200 पौधे लगाए जायेंगे। इसके साथ ही प्रतिभागियों एवं ग्रामीणों क्रो पौधा वितरण भी किया जाएगा।

कलेक्टर सोनी ने पौधारोपण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन तथा पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यस्था के लिए मण्डी के अधिकारियों क्रो निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## स्टॉप डायरिया कैम्पेन के लिए गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

डायरिया से बचाव तथा रोकथाम हेतु जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन चलाया जा रहा है। कैम्पेन में ग्राम स्तर पर रैली, पोस्टर तथा परिचर्चा के माध्यम से लोगों में जनजागरूकता लाने गांव-गांव में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मौसमी बीमारी से निपटने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा, पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य हेतु निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आती हैं, जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है। डायरिया से बचाव हेतु जागरूकता सम्बन्धी नारे लेखन, मितानिन दवा पेटी में ओआरएस, जिंक टेबलेट दी गई है। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छ पेयजल, दूषित भोजन से बचने और आस-पास साफ-सफाई रखने भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस कॉर्नर भी बनाये जा रहे हैं।

# भगवान शिव को माना जाता है योग का प्रथम गुरुः पुरंदर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कल शनिवार 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। गत दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव को योग का प्रथम गुरु माना जाता है। उन्हें आदियोगी भी कहा जाता है, उन्होंने सप्तऋषियों को भी योग का ज्ञान दिया। योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, पुनीराम पटेल, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, द्वारिका वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, अनुपम बाजपेई, मणिकांत मिश्रा, संजय श्रीवास, मदन वर्मा, निर्मला रजक, हितेश रात्रे, वेदांत रजक, आयुष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला से लेकर मंडल स्तर तक मनाएगी योग दिवस

### योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं




योग केवल शरीर की क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और चेतना को जोड़ने वाली एक जीवनशैली है। भारत, जो योग की भूमि है, ने सदियों से इसे संरक्षित और प्रचारित भी किया है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और आज विश्वभर में इसके वैज्ञानिक लाभों को स्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसा कोई दूसरा देश शायद ही हो, जिसका इतना व्यापक, समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक इतिहास रहा हो। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में यह प्रस्ताव रखा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाए, तब बहुत-से लोग जो पहले योग का मजाक उड़ाया करते थे, उन्हें यह कल्पना भी नहीं रही होगी कि यह पहल एक दिन वैश्विक आंदोलन का रूप ले लेगी। इस ऐतिहासिक क्षण में 177 देशों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत की जीत थी। मोदी ने न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में भारतीय मूल्यों और परंपराओं के प्रति एक नई जागरुकता उत्पन्न की है। प्रधानमंत्री मोदी के पंच-प्रण का संदेश यही है कि हम विकास के साथ अपनी विरासत को आत्मसात करें, उसे सहेजें।

## खबर संक्षेप



### लिमतरा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

लिमतरा। ग्राम पंचायत लिमतरा के प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव आगंतुक बालक बालिकाओं का स्वागत किया गया। शाला प्रवेश के कार्यक्रम में बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। खीर-पूरी खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक एवं पंचायत के सरपंच एवं पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम की सरपंच नेहा मुरली शर्मा ने बच्चों को नियमित स्कूल आने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सरपंच नेहा मुरली शर्मा के साथ उपसरपंच शशि दुर्गेश निषाद, पंच महावीर सिंह चौहान,अवध राम यादव, राकेश कुर्रे,परदेशनीन यादव, किरण यादव, देवकी, हिंचा, गजेंद्र, बद्री बघेल, श्यामचरण टंडन, लता करण रात्रे, प्रेमलता बंजारे तथा गणमान्य नागरिकों में शत्रुहन निषाद, प्रभु निषाद लछन टंडन, सुकालु टंडन, मोहन कुर्रे, शाला विकास समिति अध्यक्ष रानी निषाद ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में मना प्रवेश उत्सव



**हथबंध**। शासकीय उत्कृष्ट शाला लॉवर में प्रवेश मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ नव प्रवेशी छात्रों को निःशुल पुस्तक वितरण कर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति लॉवर के अध्यक्ष कल्याण सिंह ध्रुव एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष अवध चक्रधारी ने नव प्रवेशी छात्रों को बधाई दी। जिला शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की जानकारी दी। शाला समिति के शिक्षक लीला दास मानिकपूरी, प्रमिला, रानी वर्मा, हेमलाल ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, कीर्ति वर्मा, शरद वर्मा, माधुरी ध्रुव, लक्ष्मी साहू, डाकेश्वर ध्रुव, अश्वनी घृतलहरे, चंदशेखर साथ में शाला समिति के सदस्य बसंत गिरी, सियाराम, मोहन, रिंकी, गोमती जोशी, पुकेशवरी जोशी, मुन्ना पाल कार्यक्रम में ग्राम लॉवर के साथ शाला परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## शराब पीकर सरपंच के घर पहुंची थी महिलाएं और कर रही थी विवाद

# घर में घुसकर सरपंच से गाली-गलौज और महिलाओं से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंध



ग्राम पंचायत लावर में गुरुवार की रात गांव की दो महिलाएं शराब पीकर सरपंच के द्वार पहुंची और किसी बात को लेकर सरपंच को गाली-गलौच करने लगी। जहां सरपंच के परिवार की महिलाएं उन्हें समझाइश देने निकली, लेकिन वे विवाद करने लगे, जहां दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इस घटना की सूचना मिलने पर सरपंच भी मौके पर पहुंचा और शराबी महिलाओं की पिटाई की। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाफ समान धारा कायम कर अपराध दर्ज की है।

सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लॉवर थाना हथबंध में गुरुवार रात करीब 10.30 बजे दो महिला राधिका जोशी एवं चंद्रिका जोशी नसे के हालत में ग्राम लॉवर के सरपंच योगेश नेताम के घर के सामने पहुंचे, जहां उन्होंने सरपंच को गाली-गलौच करते हुए सरपंच को बाहर निकलने कहा। गाली गलौच सुनकर सरपंच की पत्नी, उनकी बहन एवं उनकी मां बाहर निकली और गाली गलौज नहीं करने की बात कही। जहां उन्होंने कहा कि सरपंच अभी घर में नहीं है, बाद में आकर पूछ लेना कहने पर राधिका और चंद्रिका आक्रोशित हो गई। इस बीच दोनों पक्षों में झीना झपटी, मार पीट चालू हो गई, जिसे पड़ोस के महिलाओं ने छुड़ाने की कोशिश की, जिससे मामला थोड़ा शांत हुआ, लेकिन मारपीट की जानकारी मिलने पर उसी समय सरपंच योगेश नेताम बिना कुछ पूछे बगैर घर के सामने रोड में आकर गाली देते हुए गुस्से में आक्रोशित होकर चंद्रिका जोशी एवं राधिका जोशी को लात घुसे, हाथ मुक्के से मारना चालू कर दिया, जिसे देख उनके लड़के ने बीच बचाव किया। मारपीट की जानकारी पर हथबंध पुलिस घटना स्थल पहुंची और पीड़िता महिला को पेट्रोलिंग गाड़ी में बैठाकर थाना लाया गया।

इस बीच सरपंच पक्ष भी अपने परिजन के साथ रात 12 बजे थाना पहुंचे, पीड़िता पक्ष पर मारपीट गाली गलौज की, शिकायत दर्ज करायी। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों के विरुद्ध समान धारा 296,115,(2),351(2),3(5) बी एन एस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इस बीच दोनों पक्षों को रात में डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। थाना प्रभारी ने कहा, पुलिस द्वारा सबूत संकलित किया जा रहा है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुईं सुमित्रा घृतलहरे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी



ब्लाक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक सामाजिक भवन राजादेवरी में हुई। असमें बलौदाबाजार जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे एवं विधायक, रमशीला पटेल शामिल रही। इस दौरान बैठक में शामिल समस्त कांग्रेसियों को गमछा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में संगठन की गुणवत्ता में सुधार करने की बात कही गयी। आमजनों की दुख सुख में हमेशा साथ देते रहने की सीख दी गयी। जिला अध्यक्ष ने संगठन को बुथ एवं सेक्टर तक मजबूत रखने का आह्वान करते हुये प्रत्येक माह ब्लाक स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय बैठक नियमित रूप से लेते रहने का सुझाव दिये। खराब मौसम के बाद भी कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति बनी रही। विधायक कविता प्राण लहरे ने संगठन की बैठके इसी तरह सभी ब्लाक के गांवों नियमित करते रहने का आग्रह किया। मौके पर नगर कांग्रेस टुण्डरा से विधायक प्रतिनिधि मोतीराम साहू, राजमहंत पी के घृतलहरे, दिनेश देवांगन, सतीश साहू, युगल साहू, प्रकाश साहू, माधव साहू, घनश्याम बारले शामिल रहे। ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भागवत पुरेना, अमीरदास मानिकपुरी, गजेन्द्र पटेल, पुरीराम जायसवाल, जवाहर पटेल, सुशील साहू, पुरूषोत्तम प्रधान, बबलू खान, डीगेश यादव, नलकुमार पटेल, गोफलाल नायक, हेमलाल पटेल, नंदकुमार डडसेना, किशोर साहू, जान मोहम्मद खान, मुरलीधर मिश्रा, हेमलाल बरिहा, धनीराम नाग, लक्ष्मीचंद नागवंशी, कृष्णचंद पटेल, दिनेश ठाकुर, टुपेश्वर पटेल, जयराम चोहान, चंद्रभान साहू सहित सैंकडों कार्यकर्ता शामिल थे।

# मां कर्मा सामाजिक चेतना और शक्ति की प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



■ ख़रतोरा में मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए विधायक संदीप

ग्राम ख़रतोरा में साहू समाज के तत्वावधान में भव्य धार्मिक आयोजन के अंतर्गत संत माता कर्मा भवन में मां कर्मा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ-साथ समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। साथ ही जिला पंचायत सदस्य महेंद्र, मोनू साहू, प्रदेश साहू संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू, साहू समाज दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू, हेमकुमार साहू, हेमंत साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे।

विधायक संदीप साहू ने कहा मां कर्मा समाजिक चेतना और शक्ति की प्रतीक हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा समाज को नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेगी। साहू समाज द्वारा इस तरह के आयोजनों से संस्कृति और परम्पराये सशक्त होती हैं। महेंद्र, मोनू साहू ने कहा आज की युवा पीढ़ी को मां कर्मा जैसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश देते हैं। धन्नू साहू ने कहा मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह समाज को जोड़ने वाली आध्यात्मिक डोर है। जब समाज एकजुट होता है, तभी उसकी पहचान और प्रभाव दोनों मजबूत होते हैं।

# सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता आवश्यक

**रायपुर**। युवा कांग्रेस ने प्रदेश के प्रत्येक जिलों में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का जन्मदिवस मनाया। युवा कांग्रेस द्वारा राजधानी में सामाजिक न्याय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी गांधी मैदान में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम के दौरान यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सामाजिक न्याय के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह संवाद कार्यक्रम हुआ।उन्होंने कहा, राहुल गांधी द्वारा लगातार मांग उठाए जाने के कारण ही केंद्र सरकार ने जाति का जनगणना का निर्णय लिया है।

## निधन

### कलावती साहू



पलारी। नगर पंचायत निवासी कलावती साहू का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका काठी कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम पलारी में किया गया। वे दुलेश्वर साहू, थानेश्वर साहू, दिनेश साहू, यमलोक साहू की माता एवं घनश्याम साहू, गोपी साहू नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष, चन्दन साहू की बड़ी मां थीं।

# माता-पिता हैं बच्चों के प्रथम गुरु



**बलौदाबाजार**। जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल की मुख्य आतिथ्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताराशिव में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम ताराशिव के सरपंच एवं शाला के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं मे उत्साह देखा गया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले गुरु हमारे माता पिता होते हैं, जो हमें चलना सिखाते हैं बोलना सिखाते है और पारिवारिक परिवेश में अनुशासन और संस्कार सिखाते हैं। इसके बाद बच्चे को अक्षर के ज्ञान और पढ़ाई लिखाई हेतु स्कूल भेजा जाता हैं आप सभी विद्यालय में निष्ठापूर्वक अध्ययन करते हुए शिक्षा और ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन की हर लक्ष्य को प्राप्त करें, जिसकी कल्पना आपके माता पिता करते हैं। आज ऐसे गुरुजन और शिक्षक यहां उपस्थित है, जो अपनी मेहनत के बल पर बच्चों के भविष्य को बनाते हैं, ताकि आने वाले समय में यही बच्चे देश के नवनिर्माण में हिस्सेदारी दें।

## पेज 11 के शेष

### नगर की दो ...

प्रशासन से अपील की है कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों दुकानों के वर्तमान संचालकों के लाइसेंस निरस्त कर, जल्द से जल्द नवीन योग्य सेल्समैन की नियुक्ति की जाए।

### कार की ठोकर ...

को आरोपी ब्रेजा कार चालक द्वारा मृतक- रमेशरु राम साहू चाट गुपचुप बिक्री करने के बाद ठेला बंद कर धकेलते हुए रोड क्रॉस करते वापस घर जा रहा था, की उसी समय रायपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 04 एमपी 7554 का चालक अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलते हुए लाकर रमेश साहू व उसके ठेला को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया ठेला क्षतिग्रस्त हो गया तथा रमेश साहू वाहन में फंस जाने से उसे घसीटते हुए दूर तक ले गया तथा आरोपी चालक द्वारा वाहन में रमेश साहू को फंसा है, जानते हुए भी बेरहमी से घसीट कर ले जाने से मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान आरोपी ब्रेजा कार चालक की पता तलाश कर मिलने पर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया, जिसे 20 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### 8 आदतन अपराधियों ...

टांडिया निवासी रामसागर पारा कसडोल को 1 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया है। साथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों पर भी जिलाबदर की कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत पारित आदेश 18 जून के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 1 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिला बदर आरोपियों को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

### नेवार विक्रेता की ...

जाने के विवाद पर अर्जुन बंजारा को पत्थर से प्राण घातक चोंट पहुंचा। प्रकरण में घायल अर्जुन बंजारा का प्राथमिक उपचार सीएचसी सिमगा से करने पश्चात उन्होंने रायपुर के एक निजी अस्पताल रिफर किया गया। पश्चात आहत का अरविंदो अस्पताल इंदौर से इलाज उपरांत घर वापस लाते समय जिला अस्पताल मंदसौर में आहत अर्जुन बंजारा की मृत्यु हो गई। प्रकरण में मृत्यु होने से मृतक का शव पंचनामा कार्रवाई थाना शहर कोतवाली मंदसौर द्वारा किया गया तथा प्रकरण स्थानांतरण पश्चात सिमगा को प्राप्त होने पर प्रकरण में धारा 109,103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम चकरवाय निवासी 35 वर्षीय चंद्र प्रकाश बांधे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा खाट नेवार विक्रय करने के विवाद पर अर्जुन बंजारा को पत्थर से मारपीट कर प्राण घातक चोंट पहुंचाना स्वीकार किया, जिससे अर्जुन बंजारा की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्रकरण में आरोपी को 20 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

## योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को उर्जा, ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता हैं

**करों योग, रहों निरोग**

**योग से लाभ –** योग के एक नहीं अनेकों लाभ है। योग सूत्र में, हजारों ऐसे आसन बताए गए हैं, जिनसे हमारे शरीर के प्रत्येक अंग को रोग मुक्त किया जा सकता हैं। रोग व्याधियों के अनुसार लाभ देने वाले योग आसन इस प्रकार हैं :-

**सर्वांगासन –** इससे मोटापा, दुर्बलता, कद वृध्दि में कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं । शारीरिक ऊँचाई बढ़ती हैं । यह आसन थायराइड को सक्रिय बनाता हैं ।

**पद्मासन –** ध्यान के लिए उत्तम आसन हैं । मन की एकाग्रता को बढ़ाता है । जठराग्नि को तीव्र करता हैं ।

**शवासन –** मानसिक तनाव, डिप्रेशन, उच्च रक्तचाप, ह्र्दय रोग तथा अनिद्रा के लिए यह सर्वोत्तम आसन हैं । इस आसन से शरीर, मन, मस्तिष्क एवं आत्मा को पूर्ण विश्राम, शक्ति उत्साह एवं आनंद मिलता है । ध्यान की स्थिति का विकास होता है ।


**चक्रासन –** यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। इससे कमर दर्द में राहत मिलती है । हाथ पैरों की मांसपेशियां सबल बनती है।

**धनुरासन –** धनुरासन मेरुदंड को लचीला एवं स्वस्थ बनाता है । स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधी विकृतियां में लाभदायक है।

**सूर्य नमस्कार–** यह संपूर्ण शरीर को आरोग्य, ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान करता है। इसमें कुल 12 आसन होते हैं। इससे शरीर के सभी अंग प्रत्यंग में क्रियाशीलता आती है तथा शरीर के समस्त आंतरिक ग्रंथियां सुचारू रूप से चलती है। सूर्य नमस्कार सभी आसनों में सर्वश्रेष्ठ है । यह संपूर्ण शरीर को आरोग्यता प्रदान करता है। हाथ ,पैर, भुजा, जांघ, कंधा आदि सभी अंगों के मांसपेशियां पुष्ट होती है । मानसिक शांति, बल, ओज में वृद्धि करता है । संपूर्ण शरीर में रक्त संचार को संपन्न करता है। इससे शरीर निरोग बनता है।

शीषासन यह सब आसनों का राजा है। इससे शुद्ध रक्त मस्तिष्क को मिलता है । इससे आंख, नाक, कान आदि सक्रिय हो जाते हैं। पाचन तंत्र, आमाशय, यकृत सक्रिय होकर कुशलता पूर्वक कार्य करते हैं। असमय बालों का झड़ना, सफेद होना जैसी समस्याएं नहीं होती।

ताड़ासन इससे ऊंचाई में वृद्धि होती है शरीर के स्नायु सक्रिय विकसित होते हैं।



“स्वयं को बदलो, जग बदलेगा
योग से सुखमय हर दिन खिलेगा”



**श्री अशोक जैन जी**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बलौदा बाजार

योग कीजिए, रोग दूर भगाइए
रोज कीजिए, और जीते जाईए



**श्री विजय केसरवानी जी**
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य उपाध्यक्ष
भारत स्काउट गाइड, छत्तीसगढ़

योग कीजिए, रोग दूर भगाइए
रोज कीजिए, और जीते जाईए



**श्री आनंद यादव जी**
जिलाध्यक्ष , भारतीय जनता पार्टी,
जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

रोगमुक्त जीवन जीने की हो चाहत, तो नियमित योगाभ्यास की डालो आदत

योग केवल व्यायाम नहीं, आत्मा को जानने
और जीवन को सुलझाने का माध्यम है।



**सुमित्रा घृतलहरें जी**
जिलाध्यक्ष , भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,
जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

योग ही एक ऐसी कला है, जिससे जटिल से जटिल रोगों को दूर किया जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है

सुबह हो या शाम, रोज कीजिए योग
निकट ना आएगा कभी आपके कोई रोग



**श्रीमती सुलोचना यादव जी**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत, बलौदा बाजार

योग वो साधना है, जो श्वासों को भी अर्थ
और जीवन को भी दिशा देती है।



**श्री आर्यन शुक्ला जी**
जनपद सदस्य
बलौदा बाजार

योग से जुड़ने का अर्थ है जीवन से जुड़ना और खुद को स्वीकार करना।

जिस दिन से योग जीवन का हिस्सा बनता है,
उस दिन से अशांति जीवन से दूर जाने लगती है।



**श्री ईशान वैष्णव जी**
सभापति, जिला पंचायत,
जिला बलौदा बाजार - भाटापारा

योग धर्म नहीं, एक विज्ञान हैं यह कल्याण का विज्ञान, यौवन का विज्ञान शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है”

योग से न केवल शरीर स्वस्थ होता है,
बल्कि मन भी शांत और स्थिर हो जाता है।



**श्री जितेंद्र महाले जी**
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद ,बलौदा बाजार

योग बस एक कसरत नहीं बल्कि
जीवन जीने का एक तरीका है।



**श्री गौतम सिंह चौहान जी**
पार्षद वार्ड क्रमांक 12
नगर पालिका परिषद ,बलौदा बाजार

स्वस्थ जीवन जीना ही है जिंदगी की जमा पूंजी और योग करना है रोगमुक्त जीवन की कुंजी।

योग से बड़ा कोई ऐश्वर्य नहीं, योग से बड़ी कोई
सफलता नहीं, योग से बड़ी कोई उपलब्धि नहीं।



**श्री शेख सलमान जी**
नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिका परिषद, बलौदा बाजार

योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को करता है प्रदान... उर्जा, ताकत और सौन्दर्य

सभी बीमारियों का उपचार योग और स्वस्थ
जीवन शैली में निहित है। – बाबा रामदेव



**श्री सतीश पटेल जी**
सभापति
नगर पालिका परिषद ,बलौदा बाजार

संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007



## खबर संक्षेप

### योग से ही संभव है स्वस्थ और संतुलित जीवन



**कटगी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा सदस्य खिलेश्वरी थवाईत ने योग को भारत की अमूल्य धरोहर बताते हुए नागरिकों से इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। थवाईत ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग ने वैश्विक मंच पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और आत्म-अनुशासन को भी विकसित करता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि डिजिटल युग की व्यस्तताओं के बीच योग को अपनाकर वे तनावमुक्त और ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं। स्वस्थ राष्ट्र की नींव स्वस्थ नागरिकों से बनती है और योग इसकी ओर एक सशक्त कदम है। भाजपा नेत्री ने सभी स्कूलों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं से योग को नियमित गतिविधियों में शामिल करने और समाज के हर वर्ग तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने की अपील की।

### सेनानी स्कूल में होंगे सामूहिक योगाभ्यास



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन शासकीय सेनानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में होगा। इसमें पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमक विद्यालय परिवार सहित सरपंच व जनप्रतिनिधि, बुजुर्ग, गणमान्य नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिहान योजना के महिलाएं तथा विभिन्न संगठनों के लोगों सहित ग्रामीण शामिल होंगे। सामूहिक योगाभ्यास की विशेष तैयारी में जुटे रावन पंचायत के सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, सचिव नरसिंह वर्मा, पंच चंद्र देव वर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। वहीं महामाया मंदिर चौक में 17 से 21 तक पांच दिवसीय निःशुल्क रोगानुसार योग शिविर में ग्रामीणों को योग के फायदे बताए गए। तत्पश्चात अंकुरित चना, मुंग दाल बांटी गई। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु रानी वर्मा और योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा ने बताया विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के साथ जन सामान्य से इस विशेष कार्यक्रम पर उपस्थित होकर लाभान्वित होने का आग्रह किया।

### प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटे गए गणवेश



**लवन।** नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ होने के बाद नगर में स्थित प्राथमिक शाला लवन में मंगलवार को शाला प्रवेश मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रकाश ताम्रकार मुख्य अतिथि थे। इस दौरान बच्चों को खीर-पूरी परोसी गई। कार्यक्रम में अतिथि ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाया औ लड्डू से मुंह मीठा करा कर उन्हें शाला में प्रवेश दिलाया। पार्षद ने बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण किया। निःशुल्क गणवेश पाकर बच्चों के चेहरो पर खुशी की लकीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वहीं छात्रों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के प्रयास पर अधिक जोर दिया गया। पार्षद प्रकाश ताम्रकार ने कहा कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो, यह हम सबका दायित्व होना चाहिए। बच्चे एक लक्ष्य बनाकर पढ़ते रहे तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। बच्चे खूब पढ़कर गांव नगर मां-बाप का नाम रोशन करे।

# संगठित और समर्पित होकर कार्य करता है साहू समाज : इन्द्र साव


**हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा**

तहसील साहू संघ भाटापारा (तरेंगा राज) के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिंगारपुर में विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक साव ने कहा कि आदर्श विवाह 50 वर्ष पूर्व साहू समाज ने प्रारम्भ किया, जिसको सरकार कन्यादान योजना के रूप में संचालित कर रही है। यह समाज के लिए गौरव की बात है। हमारा समाज हमेशा से संगठित होकर सेवा भावी समाज रहा है।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि दीनदयाल साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ एवं विशेष अतिथि के रूप में दयालु राम साहू, अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, कोमल साहू, अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र, राम सागर साहू, अध्यक्ष सिंगारपुर परिक्षेत्र एवं राजेश साहू, अध्यक्ष नगर साहू समाज भाटापारा थे।

कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने एवं आभार प्रदर्शन पन्नालाल साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ भाटापारा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तिहारु राम साहू, लोकनाथ साहू, रामनाथ साहू, बाबूलाल साहू, ढेलूराम साहू, कल्याणी साहू, राजकुमारी साहू, कमला साहू, लिलेश्वरी साहू, भारत साहू, वीरेंद्र साहू इत्यादि का सहयोग रहा।

### सिंगारपुर में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक



#### समाज एक नई दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान तय कर सके

हमारी शक्ति संगठन का यह मूलमंत्र हमें अपनी आने वाली भावी पीढ़ी को देना है, ताकि समाज एक नई दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान तय कर सके। समाज का हित सर्वोपरि होना चाहिए और अपने समाज के लोगों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में हमें अहम भूमिका निभानी होगी। इसके पूर्व भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर विधायक इंद्र साव एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तहसील साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने स्वागत भाषण दिया, तदुपरान्त नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं पार्षदों का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया।

## जानलेवा साबित हो रहे गड्ढे, अधिकारी जवाब देने से बच रहे, काट रहे फोन

# गिधौरी-शिवरीनारायण सड़क के गड्ढों में भरा बारिश का पानी, राहगीर हैं परेशान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी**

गिधौरी -शिवरीनारायण धार्मिक नगरी पहुंच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। गिधौरी-शिवरीनारायण सड़क का हाल बेहाल है और लगातार जानकारी के बावजूद अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। बीते कई वर्षों से मरहम पट्टी लगाकर खाना पूर्ति करते आ रहे हैं और बार-बार सड़क उखड़कर जानलेवा गड्ढे हो गये हैं। दो दिनों की रिमझिम बारिश ने सड़क पर की गई औपचारिक मरहमपट्टी की पोल खोल दी है। वर्तमान में सड़क के बीच बने जानलेवा गड्ढे से रोज हो रहे सड़क हादसे का प्रमुख कारण बना हुआ है। गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की सड़क बुरी तरह से जर्जर हो चुकी है। गर्मी के दिनों में विभाग मदमस्त थे और नजर अंदाज किया गया। अब बरसात लग गयी है। बड़े-बड़े गड्ढे में घुटनेभर पानी भरा हुआ है और अब सड़क निर्माण करना मुश्किल है। इसके चलते राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों समाचार प्रकाशित के बाद आनन-फानन जगह जगह गड्ढे में पत्थर चूरा डलवाया गया था, परंतु दो-चार दिनों में फिर से बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गये हैं। इन गड्ढों के चपेट आने से राहगीर लगातार चोटिल हो रहे हैं। इस मार्ग फर हमेशा चौबीसों घंटे वाहनों का तथा राहगीरों का आना जाना लगा रहता है। वहीं महानदी शबरी सेतु पुल की मरम्मत एक साईड की गई है और दूसरी साइड को छोड़ दिया गया। पुल के एक साइड की सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।

### रोज हो रहे हादसे लोनिवि के जिम्मेदारो को है बडें हादसे का इंतजार



**अधिकारी से बात करेंगे**

पीडब्ल्यूडी अधिकारी से बात करेंगे और जल्दी ही सड़क सुधार कार्य किया जावेगा।

**-राहुल थवाईत,** नगर पंचायत अध्यक्ष शिवरीनारायण



**देखवाता हूं**

जानकारी लेने पर उन्होंने देखवाता हूं कहकर फोन काट दिया।

**-गौतम** पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर शिवरीनारायण



### बरडीह मार्ग बदहाल, जगह-जगह गड्ढों से ग्रामीण परेशान

**हिरमी-रावन।** हिरमी समीप बरडीह मुख्य सड़क बदहाली की स्थिति में है। यह कच्चा मार्ग अब गड्ढों में तब्दील हो चुका है, पक्की सड़क की गिट्टीया जगह-जगह उखड़ गई है, जिससे ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्की सड़क होने के बावजूद जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे यह रास्ता चलने लायक नहीं रह गया है। उबड़-खाबड़ सतह और गड्ढों की भरमार के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहनों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बनता जा रहा है। बरसात में इसकी स्थिति और खराब हो जाएगी। स्कूल जाने वाले बच्चों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ेंगे। बच्चों को रोजाना इसी खराब सड़क से होकर स्कूल तक जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी अभिभावक चिंतित हैं। वहीं बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह मार्ग सुगम नहीं है। अगर समय रहते सड़क पर सुधार नहीं किया गया तो बारिश के दिनों में मशकत करनी पड़ेगी। यह मार्ग न केवल आवागमन का एकमात्र रास्ता है, बल्कि खेत-खलिहान तक पहुंचने और आपातकालीन स्थिति में अस्पताल ले जाने के लिए भी यहीं से जाना होता है। ऐसे में सड़क की स्थिति सुधरना बेहद जरूरी है।



# अर्जुनी में धनंजय वर्मा का शहादत दिवस मना



**हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी**

बीजापुर सशस्त्र पुलिस बल ने नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद जवान धनंजय वर्मा का शहादत दिवस मनाया। पूर्व माध्यमिक शाला के समीप शहीद धनंजय वर्मा की स्थापित आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

वीर शहीद धनंजय वर्मा अमर रहे अमर रहे का नारा लगाकर शहादत दिवस मनाया गया। शहीद धनंजय वर्मा के पिता दशरथ कहते हैं कि आज भी अपने बेटे की शहादत पर गर्व है और उन्होंने अपने नाती को भी सेना में भेजने का प्रण लिया है।

दशरथ कहते हैं कि अपने बेटे की याद में उसकी मां की आंखें आज भी नम हो जाती हैं। जवान धनंजय को शहीद हुए 11 साल हो गए हैं, लेकिन वह आज भी ग्रामीणों के दिलों में जिंदा है, इसका उदाहरण इसी से मिलता हैं कि गांव के उपस्वास्थ्य केंद्र हाईस्कूल का नाम शहीद धनंजय पर ही रखा गया है।

शहादत दिवस मनाने के दौरान पिता दशरथ वर्मा, मां केवराबाई, भैया राजेंद्र वर्मा, चाचा जगन्नाथ वर्मा एवं सत्यप्रकाश साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच पिंकू, कुलेश्वर वर्मा, पंच ओमेश कांत यादव, सहोद्रा रजक, चिंतामणि जायसवाल, भारत माता वाहिनी स्वसहायता समूह सचिव लक्ष्मी वैष्णव, कोषाध्यक्ष सरस्वती वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# हरदी के प्राथमिक स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल रोहिना में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। भगत राम लहरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत रोली लगा कर किया और मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदुलार निराला प्रधान पाठक ने की। उन्होंने कहा जीवन में अनुशासन और समय बहुत महत्वपूर्ण है। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु नियमित उपस्थिति, कक्षा कार्य, गृह कार्य, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा सभी में सहभागिता अनिवार्य है। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी एकल शिक्षकीय शाला था। पालकों द्वारा 2 वर्षों से शिक्षक की मांग की जा रही थी। शासन द्वारा एक शिक्षक की पदस्थापना की है। भगत राम लहरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने शिक्षक की पदस्थापना पर ख़ुशी जाहिर करते हुए शासन के प्रति आभार जताया। सभी बच्चों को अभ्यास पुस्तिका, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की गई। सभी बच्चों के लिए खीर-पूरी की व्यवस्था की गई। गौरीशंकर कर्ष संकुल समन्वयक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्रकार के सहयोग करने की बात कही। शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी तथा संभावित नव प्रवेशित छात्रों के अनुकूल प्रवेश होने पर ख़ुशी जाहिर करते हुए दर्ज संख्या बढ़ाने पालकों से अपील की। इस अवसर पर पुनीता खूंटे, तिहारिन बाई, प्रभा, निर्मला खूंटे, मनीष कुमार सहायक शिक्षक, पंकज, प्रतीक, देविका, लवली, मोनिका, सिमरन का सहयोग रहा।

# अभिरक्षाधीन बंदी विधिक सहायता एवं अधिवक्ता से वंचित न हो

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा प्रत्येक बुधवार जेल समीक्षा की जाती है। जेल समीक्षा जेल की व्यवस्था, स्थिति, सुरक्षा, कैदियों की देखभाल और जेल प्रशासन की जांच शामिल हैं।

जेल समीक्षा में बंदियों की समस्याओं को सुना जाता है और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। साथ ही समय-समय पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बंदियों को उनके जमानत के अधिकार और प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी जाती है। साथ ही प्ली-बारगेनिंग के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाती है, जिसके माध्यम से वे अपने प्रकरण का निराकरण कर सकते हैं। बंदियों को यह भी बताया जाता है कि विधिक सहायता से लीगल एड डिफेंस कौंसिल से अधिवक्ता उन्हें प्रदान किया जाता है। लीगल एड डिफेंस कौंसिल के अधिवक्ता गुणवक्ता से उनके प्रकरण की पैरवी करते हैं इसकी जानकारी दी जाती है।

जेल में बंदियों को विधिक सहायता देने के लिये जेल लीगल एड क्लिनिक की स्थापना की गई है, जिसके लिये एक पैनल अधिवक्ता, एक पैरालीगल वालंटियर की नियुक्ति की गई है। लीगल एड डिफेंस के कौंसिल समय-समय पर जेल का भ्रमण कर बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरणों की जानकारी उन्हें प्रदान करते हैं। साथ ही उनके परिवार से संपर्क कर प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जाती है।



### सुरक्षा व कैदियों की देखभाल की जाती है समीक्षा

जेल समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जेल के नियम और कानून का पालन किया जा रहा है, जैसे कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके साथ उचित व्यवहार किया जा रहा है कि नहीं, कैदियों की देखभाल का मूल्यांकन करना कि उन्हें ठीक से भोजन, पानी, चिकित्सा सुविधा दी जा रही है या नहीं। जेल प्रशासन को यह भी सुझाव देना जेल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये क्या किया जा सकता है।



# अश्वनी बने वन विभाग के सभापति, धोबी समाज में हर्ष

**मुंडा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 20 के सदस्य ग्राम कोनारी निवासी धोबी समाज बलौदाबाजार जिला उपाध्यक्ष अश्वनी रजक को वन विभाग का सभापति बनाया गया है। अश्वनी रजक को सभापति बनाए जाने पर कोनारी में जश्न मनाया गया। सभापति बनने के बाद गांव पहुंचने पर अश्वनी रजक का ग्रामवासियों द्वारा बैंड बाजा के साथ स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत अश्वनी रजक ने कहा कि जनपद क्षेत्र के मतदाताओं का आशीर्वाद रहा की पहले मैं जनपद सदस्य बना और अब मुझे सभापति बनाया गया है। इसके लिए उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन, मोनू वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता, भीम यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वही सभापति बनने पर धोबी समाज सहित उनके जनपद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। बधाई देने वालों श्रीराम रजक, लोकेश कनौजे, झड़ीराम कनौजे, कमलेश रजक, धनेश्वर निर्मलकर, निर्मला रजक, पन्ना लाल रजक, शंकर रजक, त्रिलोचन रजक, नारायण, निर्मलकर, ईश्वर रजक आदि शामिल हैं।

## कारवाई नहीं पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

# छात्रा से घिनौनी हरकत : साहू समाज ने आरोपी शिक्षक के स्कूल की मान्यता रद्द करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

स्कूली छात्रा से शिक्षक द्वारा किए छेड़छाड़ मामले में साहू समाज आक्रोशित है। समाज ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे व कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा। समाज ने मांग की है कि आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर उसके निजी स्कूल की मान्यता रद्द की जाएं। विदित हो कि जिले के सुहेला क्षेत्र में पूरक परीक्षा में पास करने को लेकर एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का आरोप शिक्षक शैलेश वर्मा पर लगा था। पीड़िता की शिकायत पर सुहेला थाने में एफआईआर दर्ज कर आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



जिलाध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि आरोपी शिक्षक शैलेश वर्मा पर इस प्रकार से पहले भी आरोप लग चुका हैं और शासकीय शिक्षक के पद से निलंबित किया जा चुका है। इसके बावजूद वह सुहेला में अपनी भाभी के नाम पर शांति देवी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का संचालन कर रहा है, लेकिन अपने घिनौने कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं। इस विद्यालय में इस तरह की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन छात्राएं समाज और लोक लाज के डर से सामने नहीं आ पातीं, जिससे आरोपी के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। आज जिला साहू समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उक्त विद्यालय की मान्यता रद्द की जाए और आरोपी शिक्षक शैलेश वर्मा को शासकीय सेवा से बर्खास्त किया जाए। यदि आरोपी शिक्षक के खिलाफ़ कारवाई नहीं होती तो सामाजिक धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा।

